## खबर संक्षेप



तरावड़ी। स्कूल निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।

### युवाओं का भविष्य धूमिल करता है नशाः वीरेंद्र

**तरावड़ी।** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल के छात्रों ने गीता जयंती समारोह में बढ़ते नशे के खिलाफ रैली निकाली। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह पूर्व नारकोटिक्स एवं कस्टम अफसर कुरुक्षेत्र ने रैली को झंडी दिखाई। छात्रों तथा अध्यापकों ने नशे के खिलाफ नारे लगाए तथा वहां सभी को हर प्रकार के नशे से दूर रहने का आवाहन किया। इस अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकुल मंगला कुरुक्षेत्र तथा योग संस्थान प्रधान ओम प्रकाश भी उपस्थित थे। वीरेंद्र सिंह ने सभी बच्चों को और उनके परिवार को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। ओम प्रकाश ने योग से नशा मुक्ति का महत्व बताया। इस



### मरणोपरांत किए नेत्र दान, की सरहाना

**तरावड़ी।** जीते जी रक्तदान मरणोपरांत नेत्रदान कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो जीते जी तो समाज की सेवा करते ही है मरणोपरांत भी समाज की सेवा करके चले जाते हैं उनमें से एक नाम स्वः देवराज सेतिया जिनके मरणो उपरांत उनके परिवार में उनके भाई कृष्ण लाल सेतिया एवं सुपुत्र अशोक सेतिया, प्रेम सेतिया, संजय सेतिया व सुनील सेतिया ने दो चुटकी राख होने की बजाय दो अंधों को आंख देने का फैसला लिया और अपने पिता स्वः देवराज सेतिया के नेत्रों का दान करवाया। आज रस्म पगड़ी के अवसर पर पंजाबी धर्मशाला में परिवार को माधव नेत्र बैंक एवं शिव शक्ति संकीर्तन मंडल तरावड़ी की ओर एक स्मृति चिन्ह सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

### 17 दिसंबर को धरना देंगे रिटायर्ड कर्मचारी

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक करनाल की वार्षिक आम सभा मानव सेवा संघ में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान लाभ सिंह आर्य ने की तथा संचालन सचिव ताराचंद सैनी ने किया। सभा में 74 से 90 वर्ष आयु वर्ग के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया गया। सम्मानित होने वालों में मास्टर सुमेरचंद साध, जोगिंदर सिंह, नहना राम डांगी, दुलीचंद चौहान, जयभगवान शर्मा, काकाराम सैनी, कृष्ण कुमार सैनी, ईशम सिंह आर्य, सिया नंद परोचा सहित कई सदस्य शामिल रहे। ब्लॉक कमेटी ने वर्षभर की गतिविधियों एवं लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। ब्लॉक प्रधान लाभ सिंह आर्य ने कहा कि संघ 17 दिसंबर को जिला सचिवालय के सामने धरना देगा।

## शादी का सामान लेने घर से निकले थे दुल्हे के पिता

# रामलाल का शव गांव पहुंचते ही ग्रामीणों संग परिजनों का हंगामा

इंद्री के गांव नौरता में शादी के दिन घर से सामान लेने निकले दूल्हे के पिता का किया था अपहरण

हरिभूमि न्यूज इंद्री

इंद्री के गांव नौरता में शादी के दिन घर से सामान लेने निकले दूल्हे के पिता का अपहरण कर हत्या के बाद गुरूवार को रामलाल का शव पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही गांव लाया गया तो परिजनों व ग्रामीणों ने एंबुलेंस को चारों तरफ से घेर लिया और विरोध करते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की । परिजनों व ग्रामीणों ने शव का संस्कार करने से मना करते हुए कहा कि आरोपियों को कड़ी सजा दिलवाई जाए और गांव की पंचायती भूमि पर कब्जा कर रह रहें आरोपियों को गांव से बाहर निकाला जाए । जिसके बाद इंद्री के एसडीएम अशोक मूंजाल व इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण आरोपियों पर सख्त कार्यवाही व आरोपियों से पंचायती भूमि को कब्जा मुक्त करवाने की मांग पर अड़े रहे । एसडीएम व डीएसपी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी व पंचायती भूमि की जांच करवाकर कब्जा मुक्त किया जाएगा । उसके बाद ग्रामीण शव का संस्कार करने के लिए सहमत हुए और शाम को रामलाल के शव का संस्कार कर दिया गया ।



इंद्री 1 इंद्री के गा्रव नौरता मे ग्रामीणों से बात करते एसडीएम अशोक मूंजाल व इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम ।

**दिया आश्वासन**

- एसडीएम व डीएसपी ने ग्रामीणों को आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने का दिया आश्वासन
- गांव के सीसीटीवी चेक किए तो वारदात का हुआ खुलासा, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा**

गौरतलब है कि गांव नौरता निवासी करीब 65 वर्षीय रामलाल शनिवार को अपने बेटे की शादी के दिन घर से सामान लेने के लिए निकला था लेकिन घर वापस नहीं पहुंचा । जिसके बाद परिजनों ने शनिवार को ही इंद्री थाने में रामलाल की गुमशुदगी की शिकायत दी थी । जब गांव के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो रामलाल गांव के ही आबिद की मोटरसाइकिल पर पीछे बैठ कर जाता हुआ दिखाई दिया । इसके बाद पुलिस ने आबिद को काबू कर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने अपने साथी वाजिद के साथ मिलकर रामलाल की हत्या कर उसे कलेसर के जंगलों में फेंक दिया है । पुलिस तीन दिनों से लगातार रामलाल के शव की तलाश कर रही थी कलेसर के जंगल से शव को बरामद कर गुरूवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को गांव लाया गया ।



### मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर श्री कृष्ण गो शाला में हुआ हवन

**करनाल।** मार्गशीर्ष पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री कृष्ण गऊशाला करनाल में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहूतियां डालकर परिवार एवं समाज की मंगल कामनाएँ कीं तथा गायों की सेवा करने का संकल्प लिया। गऊशाला के प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि सनातन धर्म में मार्गशीर्ष पूर्णिमा का विशेष महत्व है और इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से पितृ दोष का निवारण होता है तथा घर में सुख-समृद्धि आती है। इस अवसर पर महासचिव राम कुमार गुप्ता, कार्यकारी प्रधान डा. एस.के. गोयल, प्रधान सुनील गुप्ता, डा. एस.के. गोयल, महासचिव राम कुमार गुप्ता, अरुण गुप्ता, बलबीर लाठर, ढुलियाराम शर्मा, घनश्याम गोयल और सुभाष गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### अनुबंध कर्मचारियों ने दायर की हाईकोर्ट में याचिका

करनाल। अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन का जिला सचिवालय करनाल के बाहर धरना लगातार जारी है। इसी बीच 22 कर्मचारियों के दल ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रोहतक पीजीआई के अनुबंध कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जोड़ने की मांग उठाई है। एसोसिएशन ने बताया कि हाईकोर्ट ने रोहतक पीजीआई को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है कि संबंधित कर्मचारियों का डाटा निगम पोर्टल पर अपलोड क्यों नहीं किया गया। धरना स्थल पर मौजूद कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि समाधान न मिलने पर वे 8 दिसंबर को करनाल से चंडीगढ़ तक पैदल मार्च शुरू करेंगे। सचिन और सतीश ने जानकारी दी कि 26 सितंबर 2025 को रोहतक से निकला पैदल मार्च 29 सितंबर को करनाल पहुँचा, जहाँ जिला प्रशासन ने कर्मचारियों को जाट धर्मशाला में रोक लिया।

## मिट्टी के 1100 और 251 पंचगव्य दीपकों से ब्रह्मसरोवर में किया गया दीपदान

- अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में भक्तों ने किया दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज करनाल

अंतराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मसरोवर में आयोजित पंचगव्य दीप उत्सव एवं दीपदान कार्यक्रम बड़े हर्ष, भक्तिभाव और सांस्कृतिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मिट्टी के 1100 दीयों और 251 पंचगव्य दीपकों को प्रज्वलित कर सरोवर में जल प्रवाह के लिए अर्पित किया गया। इस दीपदान कार्यक्रम का उद्देश्य है पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति का संवर्धन, गौ-माता संरक्षण और नशा मुक्त समाज निर्माण — पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोल्डी जी, समाजसेवी एवं व्हाइट हिल राइस मिल के संचालक नवनीत जैन, कार्यक्रम संयोजक तरुण जैन, पूनम रोहिल्ला, धर्म जागरण से जुड़े कार्यकर्ता तथा कई समाजसेवी मौजूद रहे। महर्षि विद्या मंदिर के विद्यार्थियों की सहभागिता। गीता जयंती महोत्सव में महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भी ब्रह्मसरोवर पर गुरु परंपरा पूजन किया। छात्रों ने पंचगव्य से निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया।



### सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम छह को होगा

**करनाल।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आगामी 6 दिसंबर 2025 को एस.डी. बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राम नगर करनाल में 'सप्तशक्ति संगम' का भव्य सांस्कृतिक एवं मूल्याधारित कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, मुख्य वक्ता डॉ. मीनू ठाकुर (नगर संघ संचालिका, राष्ट्रीय सेवा समिति) तथा वशिष्ठ अतिथि ममता सैनी (पार्षद वार्ड 17) एवं मीनू चावला (जिला संयोजिका, स्वदेशी जागरण मंच) शामिल होंगी। विद्यालय परिसर को भारतीय सांस्कृतिक परंपरा एवं आध्यात्मिक वातावरण के अनुरूप सजाया जा रहा है। यह आयोजन प्रातः 10 बजे आरंभ होगा।

## खालसा सृजनकर्ता गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व 4 जनवरी को मनेगा

हरिभूमि न्यूज करनाल

खालसा पंथ के संस्थापक और दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व करनाल में इस वर्ष बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ 4 जनवरी को मनाया जाएगा। यह जानकारी गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह तथा महासचिव इंद्रपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पंथ सेवक वावा सुक्खा सिंह जी (कार सेवा वाले) की देखरेख में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 2 जनवरी को नगर कीर्तन और 4 जनवरी को गुरुद्वारा डेरा कार सेवा, कलंदरी गेट में गुरमति समागम किया जाएगा। नगर



कीर्तन मार्ग नगर कीर्तन 2 जनवरी, शुक्रवार को गुरुद्वारा डेरा कार सेवा एवं गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही पहली से सुबह 10:30 बजे प्रारंभ होगा। यह कर्ण गेट, सब्ज़ी मंडी चौक, कुंजपुरा रोड, अस्पताल चौक, सेक्टर 12, निर्मल कुटिया, गुरुद्वारा सेक्टर-7, गुरुद्वारा बाबा कश्मीरा सिंह सेक्टर-6, मेरठ रोड, डी.सी. कॉलोनी, महाराणा प्रताप चौक से होकर पुनः डेरा कार सेवा, कलंदरी गेट में सम्पन्न होगा।

**कार्यक्रम की रूपरेखा**

गुरमति समागम 4 जनवरी प्रकाश पर्व के मुख्य समागम में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक एवं शाम 6:00 बजे से रात 9:30 बजे तक कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। इसमें प्रमुख रागी जत्थों में —भाई नरेंद्र सिंह जी (हजूरी रागी), श्री दरबार साहिब अमृतसर,भाई गुरदित्त सिंह जी (हजूरी रागी), श्री दरबार साहिब अमृतसर,इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट कविशर भाई सुच्चा सिंह जी, डेरा पठाना,भाई गुरसेवक सिंह जी, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा मॉडल टाउन करनाल आदि रहे।

## शब्द गायन प्रतियोगिता में गुरु तेग बहादुर स्कूल प्रथम

हरिभूमि न्यूज करनाल

गुरु तेग बहादुर एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा गुरु तेग बहादुर स्कूल, मॉडल टाउन में इंटर स्कूल शब्द गायन प्रतियोगिता का भव्य और आध्यात्मिक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में करनाल एवं आसपास के 12 स्कूलों की टीमों ने भाग लिया और अपने सुरों से साध-संगत को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी राजीव कुमार तायल ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि शब्द गायन विद्यार्थियों में श्रद्धा, अनुशासन और सेवा भाव को मजबूत करता है तथा ऐसे कार्यक्रम बच्चों को संस्कारवान नागरिक बनाते हैं। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भी प्रशंसा की। विजेता टीमें एवं पुरस्कार इस प्रकार रहे। गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल मॉडल टाउन – प्रथम, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल – द्वितीय, संत निक्का सिंह पब्लिक स्कूल मॉडल टाउन – तृतीय विजेता टीमों को क्रमशः 2500, 2000 और 1500, साथ ही मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि राजीव कुमार तायल एवं स. नरेंद्र सिंह लाड़ी ने सभी प्रतिभागी टीमों को प्रोत्साहन के रूप में 1000-1000 की राशि भेंट की। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डा. जुझार सिंह रागी, इंद्रजीत सिंह और डा. सोम सिंह ने निभाई। ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो. एस.एस. बरगोटा ने बताया कि यह आयोजन गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस को समर्पित है।



**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

प्रो. एएस बरगोटा ने उपप्रधान स. गुरशरण सिंह खरबंदा और महासचिव स. सुरिंद्र पाल सिंह पसरीचा के सहयोग हेतु धन्यवाद किया। मुख्य अतिथि राजीव तायल ने ट्रस्ट को 31,000 सहायता राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्राचार्य डा. चुहड़ सिंह, डा. कृष्ण अरोड़ा, डा. देवी भूषण, डा. एस.के. गोयल, स्कूल प्राचार्य डा. हरविंद्र सिंह, अजीत सिंह चावला, अवतार सिंह खरबंदा, हरविंद्र कौर, गुरशरण सिंह आहूजा, हरसिमरन सिंह, हरजिंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में साध-संगत उपस्थित रही। मंच संचालन ट्रस्ट के सचिव इंद्रजीत सिंह दुआ ने किया। अंत में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

## कृषि शिक्षा दिवस पर बच्चों ने कृषि वैज्ञानिकों से किए सवाल-जबाव

हरिभूमि न्यूज करनाल

भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं स्वतंत्र भारत के पहले केंद्रीय कृषि मंत्री भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा पूरे देश में आयोजित कृषि शिक्षा दिवस का करनाल में भी व्यापक रूप से आयोजन किया गया। इसी कड़ी में भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में आयोजित कार्यक्रम में करनाल एवं आसपास के क्षेत्रों से डीपीएस पब्लिक स्कूल करनाल, पीआईईटी संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनएफएल टाउनशिप पानीपत तथा उर्मिला गौतम बायोलॉजी क्लासेस करनाल के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. रतन तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कृषि शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान कृषि विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रविंद्र सिंह शेखावत, डॉ. रिंकी, डॉ. वनीता पाण्डेय, डॉ. मंगल सिंह और डॉ. रमेश चंद ने विभिन्न प्रयोगशालाओं, अनुसंधान प्रक्रियाओं और संस्थान की गतिविधियों के बारे में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।




### प्रताप पब्लिक स्कूल मे इंटर हाउस में वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**तरावड़।** प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी के खेल परिसर में इंटर-हाउस वॉलीबॉल मैच का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के तीनों हाउस अरावली, हिमालया और शिवालिक में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरपर्सन हन्नी चौधरी, निर्देशिका पिथी चौधरी तथा प्रिंसिपल विकास उत्तरेजा के स्वागत के साथ संपन्न हुई। उनके प्रोत्साहनपूर्ण शब्दों ने खिलाड़ियों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया। मैदान में छात्रों का जोश देखने योग्य था। तीनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन सर्व, सेट और स्पाइक का परिचय दिया। पूरा मैच अत्यंत रोमांचक रहा। खिलाड़ी हर अंक के लिए जी-जान से खेले। दर्शकों की तालियों और उत्साहवर्धन ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। मैच के अंतिम चरण में मुकाबला और भी कड़ा हो गया, परंतु अंततः हिमालया हाउस ने सर्वोत्तम प्रदर्शन के दम पर जीत हासिल की। वहीं अरावली और शिवालिक हाउस टीम ने भी उत्कृष्ट खेल भावना और संघर्षशील प्रदर्शन दिखाया, जो अत्यंत सराहनीय था।



### गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वस्त्र किए वितरित

**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गर्ग राइस इंडस्ट्रीज के निदेशक राधेश्याम गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य रागिनी राय ने अपने कर -कमलों द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि राधे श्याम गर्ग ने अपने कर -कमलो द्वारा विद्यालय में लगभग 80 जरूरतमंद बच्चों को गर्म वस्त्र और ट्रैकसूट वितरित किए। बाल कृष्ण त्रिपाठी ने परोपकार की परिभाषा बताते हुए कहा कि जरूरत बच्चों की मदद करना और निस्वार्थ भाव से दूसरों के हित के लिए कार्य करना सबसे बड़े पुण्य का का कार्य है उन्होंने कहा कि समाज में बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो दिल से उधार और दयालु होते हैं, जब तक हमारे समाज में ऐसे दानवीर ,परोपकारी , करुणामई, सज्जन पुरुष दूसरों की सहायता के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाते रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक सुरेश चंद्र, प्राध्यापिका कर्मजीत कौर , डिंपल त्रिपाठी , सपना , एवं विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।




तरावड़ी। बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण करते हुये गर्ग राइस इंडस्ट्रीज के निदेशक राधेश्याम गर्ग।

### तरावड़ी में स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

# सत्संग में सुदेश बहन ने प्रभु भक्ति का मार्ग बताया

हरिभूमि न्यूज तरावड़ी

तरावड़ी लक्ष्मी कॉलोनी मे स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मे ओम शांति मूल मंत्र के साथ विश्व कल्याण की भावना लेकर वीरवार को होने वाले विशेष मुरली रूपी सत्संग में आश्रम की संचालिका सुदेश बहन एवम सहसंचलिका रीना बहन ने बताया कि हमारे पूरे कल्प का ये पुरुषोत्तम संगमयुगी जीवन सर्वश्रेष्ठ है। इसमे हमे अपने जन्म जन्म का भाग्य बनाना है। अपने को ईश्वरीय खजानो से संपन्न करना है। याद रखें, यह समय दोबारा नहीं आयेगा और हम सभी जिन्होंने बहुत प्रभुपालना ली है वो इस समय को याद किया करेंगे कि वाह ऐसे भी दिन आये थे जब भगवान हमारे सम्मुख बैठा था, जब उसने हमारी पालना की थी, जब हमारा पूरा ध्यान रखा था हमे शक्तियां दी थी, हमे गाईड / मार्गदर्शन किया था, हमे पढ़ाया था और हमे बहुत प्यार दिया था। याद किया करेंगे हम सभी इन दिनो को। कैसे हमने संगमयुग के दिन बिताये। हमने इसका भरपूर फायदा उठाया या व्यर्थ में अपना अनमोल समय गवाँ दिया। अपने को देखने में सुंदर समय व्यतीत किया या दूसरो को देखने में अपनी खुशी को नष्ट कर दिया। भगवान से बाते करने का परम आनंद लिया या दूसरों की बातो में बहकर हम अपने पथ से विमुख हो गये। हमने अपने में शक्तियाँ भरी या दूसरो को देखते हुए हम भी अलबेले हो गये। यदि हमने ये भाग्य बनाने के दिन यूं ही बिता दिये होंगे तो हमे पश्चाताप के सिवा कुछ भी नहीं मिलेगा तो आईये, स्वयं से बाते करें, मेरा एक-एक क्षण बहुत मूल्यवान है और मेरा एक-एक संकल्प बहुत ही महान है, भाग्य निर्माता है, जन्म-जन्म के लिए मुझे एनर्जी देने वाला है।



तरावड़ी। आश्रम की संचालिका बीके सुदेश बहन प्रवचन करते हुए।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे उपस्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के भाई बहन।

### सत्संग में जीवन जीने की कला को बताया

भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए आगे कहा क्यों न मैं इस समय का भरपूर फायदा ऊठाऊँ। ये खेलने कूदने के दिन तो फिर आ जायेंगे। ये खाने पीने के क्षण तो चारो युग हमारे हाथ में रहेंगे। ये मनुष्यो से बाते करने की वेला तो रोज़ हमारे पास आयेगी। परंतु प्रभुमिलन के ये सुनहरे क्षण दोबारा नहीं आयेंगे। क्या कर रहे हैं हम। कहीं हम इधर उधर उलझ तो नहीं गये हैं। कहीं तेरी-मेरी में, कहीं मान-शान में, कहीं स्वार्थ में, कहीं कल्पना और अनुमान के चक्कर में हम अपने अनमोल क्षणो को यूं ही कौडी के बदले गवाँ तो नहीं रहे हैं। सोच लें, न यह धन काम आयेगा, न यह पद पोजीशन, न मान-सम्मान, कुछ भी नहीं। काम आयेगी केवल महान स्थिति, काम आयेंगे अपने पुण्य कर्म और पुण्य कर्म भी वे जो हमने निष्काम भाव से किये होंगे। यदि पुण्य कर्म करके हमने उनका बखान किया होगा, यदि पुण्य कर्मों के पीछे हमारा स्वार्थ रहा होगा।

## खबर संक्षेप

### बंजारा कॉलोनी में जलभराव, परेशानी

**पानीपत।** पानीपत के उपमंडल इसराना स्थित थाने के सामने जीटी रोड पर वर्षों से आबाद बंजारा कॉलोनी में पानी की निकासी न होने से गंभीर समस्या बनी हुई है। उचित जल निकासी के अभाव में यह कॉलोनी निवासियों के लिए एक बड़ी परेशानी का सबब बन गई है। जलभराव के चलते आवागमन प्रभावित होता है। सरपंच राजेश जागलान ने बताया कि इस समस्या का हल जल्द करवाया जाएगा।

### पुलिस ने बाइक के साथ चोर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने चौटाला रोड पर परमजीत उर्फ कुलवंत पुत्र सोना सिंह निवासी शहसन डिग राजस्थान को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, बाइक चोरी की वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में जीन्द के करसिंधु गांव निवासी मोहित पुत्र सुरेश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पात्र छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति (डीएनटी) के छात्रों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए एनएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाने हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

**पानीपत।** न्यायिक परिसर पानीपत में 13 दिसंबर को जिला स्तरीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से मुकदमों का निपटारा किया जाता है। आम नागरिक इस लोक अदालत का लाभ उठाकर अपने लंबित विवादों का सरलता से समाधान करवा सकते हैं।

### जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा

**पानीपत।** तहसील कैंप के राम नगर की सुखदायक औषधालय डिस्पेंसरी में सचखंडवासी मा. सतीश कुमार इंसा के नामित नाम चर्चा का आयोजन किया गया। वहीं, नाम चर्चा में 25 जरूरतमंद परिवारों को सचखंड वासी स्वर्गीय मास्टर सतीश कुमार इंसा की याद राशन भेंट किया गया। इस अवसर पर शाह सतनाम सिंह ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स की सेवादार अंजलि, शीला इंसा आदि डेरा प्रेमी उपस्थित रहे।

### कंप्यूटर का ज्ञान जरूर लें : दत्त

**पानीपत।** जिला रेडक्रॉस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ओमदत आर्य, विशिष्ट अथिति ललित गोयल ने कहा कि कंप्यूटर के ज्ञान के बिना शिक्षित व्यक्ति भी अनपढ़ जैसा ही है। इस अवसर पर कंप्यूटर विशेषज्ञ डॉ.सोनू सिंह, सुनीता रानी सुषमा रानी ने बैंकिंग सिस्टम में कंप्यूटर शिक्षा के महत्व विषय पर प्रतियोगिता के विजेता आरती रानी प्रथम, चिराग द्वितीय और प्रिंस ने तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया।

### आयुष विवि में बीएमडी जांच शिविर आज

**थानेसर।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में आज शुक्रवार को हड्डी खनिज घनत्व (बीएमडी) जांच शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञों की टीम मरीजों के स्वास्थ्य की जांच और आवश्यक परामर्श भी देंगे। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. राजा सिंगला ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में 5 दिसंबर को शल्य तंत्र विभाग की ओपीडी कक्ष संख्या-14 में हड्डी खनिज घनत्व जांच शिविर लगाया जाएगा। हड्डियों की सेहत से संबंधित समस्याओं जैसे-ऑस्टियोपोरोसिस,हड्डी क्षरण एवं अन्य हड्डी संबंधी रोगियों की निशुल्क जांच की जाएगी। डॉ. सिंगला ने बताया कि कैंप सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक चलेगा, जिसमें मरीजों को हड्डियों की देखभाल, पोषण, और सावधानियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।


भाजपा सरकार में भी जाट समाज के मंत्री व नेताओं से भी रामकुमार का विरोध करने की अपील

# विधायक रामकुमार गौतम के बयान से खफा हुए लोग

## सभी खापों के साथ विधायक रामकुमार का करेंगे सामाजिक बहिष्कार : डॉ. नैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- विधायक के पद पर बैठा हर व्यक्ति जनता का प्रतिनिधित्व करता है



पानीपत। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.नवीन नैन भालसी प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.नवीन नैन भालसी ने पानीपत कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि विधायक रामकुमार गौतम सस्ती लोकप्रियता बटोरने के लिए लगातार जाट समाज को अमर्यादित भाषा का प्रयोग करके प्रभावित कर रहा है, जिससे समाज में बहुत रोष है। डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि विधायक रामकुमार गौतम समाज में आकर माफी मांगे नहीं तो अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के तहत हम सभी खापों को निमंत्रण देकर रामकुमार गौतम का सामाजिक बहिष्कार करने का फैसला लेने का आग्रह किया जाएगा। डॉ.नवीन ने बताया कि विधायक के पद पर बैठा हर व्यक्ति जनता का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे बयान देकर सस्तीं लोकप्रियता हासिल करना व समाज को आहत करना ऐसे उम्रदराज व्यक्ति को शोभा नही देता। वहीं, विधायक रामकुमार गौतम को ये लगता है कि वो ही सर्वश्रेष्ठ हैं ओर उन्होंने सही कहा है तो उनको सामाजिक पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। उनको चाहिए कि विधायक पद से इस्तीफा दे कर सामाजिक बहिष्कार का सामना करें। डॉ.नवीन नैन ने कहा कि भाजपा सरकार में भी जाट समाज के मंत्री व नेताओं से भी रामकुमार का विरोध करने की अपील की है। इस अवसर पर चौ.प्रेम सिंह नैन भालसी, पाल सिंह धौन्चक, सूबेदार धर्मपाल जागलान, नरेन्द्र घणघस, महाबीर सिंह दुहन, सुखबीर जागलान, किदार सिंह जागलान, रोहतास अहलावत, रामधन गाहल्याण, श्रीभगवान बागंड, मोहित पान्नू आदि उपस्थित रहे।

# अमेजन विद्यार्थियों को एआई में दक्ष करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- अमेजन ने वर्ष 2030 तक सरकारी विद्यालयों के 40 लाख छात्रों को एआई साक्षरता और करियर जागरूकता प्रदान करने का संकल्प लिया

अमेजन इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने कहा कि अमेजन ने घोषणा की कि सन 2030 तक अमेजन, भारत के करोड़ों लोगों तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को पहुंचाने की योजना बना रही है, जिससे भारत सरकार के एआई मिशन को सुलभता, उत्पादकता और डिजिटल समावेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी लोकल क्लाउड और एआई बुनियादी ढांचे में 12.7 अरब डॉलर का निवेश करने की दिशा में अग्रसर है और अपने विभिन्न व्यवसायों के ज़रिये 1.5 करोड़ से अधिक छोटे व्यवसायों तक एआई के लाभ पहुंचाएगी। अमेजन ने वर्ष 2030 तक सरकारी विद्यालयों के 40 लाख छात्रों को एआई साक्षरता और करियर जागरूकता प्रदान करने का भी संकल्प लिया है। कंपनी अमेजन इन पर करोड़ों ग्राहकों के लिए खरीदारी को और अधिक सरल तथा आकर्षक बनाने के लिए एआई का उपयोग जारी रखेगी।

## ड्रग-फ्री हरियाणा मिशन छह से : शर्मा

- अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के खतरे के प्रति जागरूक करना

**पानीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) पानीपत द्वारा छह दिसंबर से छह जनवरी तक एक माह का राज्य स्तरीय नशा-रोधी जागरूकता एवं निवारण अभियान ड्रग-फ्री हरियाणा मिशन आयोजित किया जाएगा। वहीं, सीजेएम कम सेक्रेटरी वर्षा शर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं, अभिभावकों तथा समुदाय को नशे के खतरे, उसके दीर्घकालिक प्रभाव, एनडीपीएस एक्ट के कानूनी प्रावधानों तथा उपलब्ध पुनर्वास सेवाओं के बारे में जागरूक करना है। इस अभियान में एमडीडी ऑफ इंडिया तथा ब्रेकथ्रू एनजीओ, पुलिस विभाग के अधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पंचायत विभाग तथा अन्य हितधारक सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

# जनता की समस्या का हल कर रहा प्रशासन

## शिविर में 39 नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं


पानीपत। जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए डीएसपी सतीश वत्स। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में आयोजित शिविर में 39 नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। वहीं, शिविर की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम मनदीप सिंह ने कहा कि जनता समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य है कि आमजन की समस्याओं का समाधान एक ही मंच पर, तुरंत और पारदर्शी तरीके से हो। सभी विभागों को निर्देश है कि किसी भी शिकायत को लंबित न रहने दें। हर फरियादी को समय पर न्याय मिलना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएसपी सतीश वत्स आदि अफसर उपस्थित रहे।

# बाल विवाह कुप्रथा खत्म करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया


पानीपत। बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

आर्य पीजी कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन के लिए शपथ लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता ने महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज डॉ. मीनल तालस और उनकी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक चुनौती है जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। समाज में बदलाव की शुरुआत युवाओं से होती है, इसलिए विद्यार्थियों को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। डॉ.मीनल तालस ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्वों के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है। इस मौके पर प्राध्यापिका नेहा शर्मा, रेखा नैन, नेहा गौतम व खुशबू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# श्री सनातन संस्कृति को अपनाएं युवा वर्ग : भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


पानीपत। श्रीमद् देवी कथा में नृत्य करते हुए महिला श्रद्धालु।

- पश्चिमी सभ्यता को छोड़ कर श्री सनातन संस्कृति को अपने का संदेश दिया

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा आयोजित फतेहपुरी चौक रामलीला ग्राउंड तहसील कैंप में वीरवार को पांच दिवसीय श्रीमद् देवी कथा के तृतीया दिवस पर साध्वी भद्रा भारती ने कथा करते हुए कहा कि आज के युवा को भारत की रीढ़ की हड्डी बोला जाता है एक युवा ही है जिसके जज़्बे और उत्साह से राष्ट्र को नवीन रूप दिया जा सकता है एक युवा पर अपने परिवार की समाज की और राष्ट्र की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद राम प्रसाद बिस्मिल जैसे देश भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त किया था वहीं पर हम देखें भारत के युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद योगानंद राम तीर्थ जैसे युवाओं ने भी अध्यात्म के छत्र तले भारत निवासियों के हृदयों में धर्म के बीज बोए भारत के प्रत्येक कोने कोने में धर्म का प्रकाश फैलाए। उन्होंने युवाओं से नशे की लत से दूर रहने, मोबाइल फोन का कम प्रयोग करने, पश्चिमी सभ्यता को छोड़ कर श्री सनातन संस्कृति को अपने का संदेश दिया।

- प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

# कठोर परिश्रम के बल पर इंसान को मिलती है सफलता : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


पानीपत। आरोहण फाउंडेशन के कार्यक्रम में अतिथियों के साथ मेधवी विद्यार्थी।

आरोहण फाउंडेशन द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बडौली में प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों आर्यन, नेहा, गुंजन, लक्ष्मी, नवप्रीत कौर, आरती, तन्नु, साक्षी, तनीषा, पायल, मीनाक्षी, वंश, पावनी, राधिका, खुशी शर्मा, सावन कुमार को पुरस्कृत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मार्किट कमेटी पानीपत के चेयरमैन अवतार सिंह शास्त्री और अध्यक्षता प्राचार्य ओम सिंह ने की। कार्यक्रम का आयोजन आरोहण फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप मलिक ने किया। इधर, शास्त्री ने कहा कि अनुशासन में रह कर की गई मेहनत ही सफलता का रास्ता खोलती है। इस अवसर पर गगसीना स्कूल के प्रधानाचार्य दलबीर सिंह मिटान, प्राध्यापक दीपिका धवन, रविंद्र सिंह, सतीश पालीवाल, सतीश मलिक, रमा देवी, मौसम देवी, दीपिका धवन, प्रीति, राकेश कुमार, उमेद सिंह, खुशीराम, बिजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी अपने अंदर भाषाई कौशल को विकसित करें : डॉ. मलिक

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए पोएट्री स्लैम इवेंट प्रतियोगिता करवाई गई। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में रचनात्मकता को बढ़ावा देना, साहित्यिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, काव्य कला के महत्व को उजागर करना और दर्शकों को काव्यात्मक साहित्य से जोड़ना है। प्रधानाचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन प्रतिभागियों के बौद्धिक और भाषाई कौशल को विकसित करते हैं। वाणिज्य व प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा ने कहा कि कविता न केवल आत्मा की आवाज है बल्कि समाज की सोच को दिशा देने का माध्यम भी है। वहीं, विजेताओं प्रथम शालिनी, द्वितीय अंशु और खुशी, तृतीय अलीशा और खुशबू, चंदा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।


पानीपत। आईबी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में।

### इसराना में ट्रैफिक जाम हुआ

**पानीपत।** पानीपत के उपमंडल इसराना में सर्विस रोड पर सीमेंट से भरा एक ट्राला खराब होने के कारण ढाई घंटे तक जाम लगा रहा। यह घटना इसराना थाना के सामने बने कट पर हुई, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के कारण सर्विस रोड पूरी तरह बंद हो गया। लोगों को एक किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर फ्लाईओवर के ऊपर से होकर गुजरना पड़ा। कई बड़े वाहन मौके पर मुड़ नहीं पाए और उन्हें लिंक रोड पर जाने के लिए ढाई घंटे तक इंतजार करना पड़ा। वहीं, ट्राले की मरम्मत कर चालू करवाया गया। इसके बाद ही यातायात सुचारू हुआ।

### सरपंच पति ने विकास कार्य बाधित किए

**समालखा।** पानीपत के गांव मनाना में विकास कार्य करवा रहे कनिष्ठ अभियंता (जेई) अमन ने सरपंच पति विकास पर सरकारी मकाम में बाधा डालने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए एसडीओ पंचायती राज से शिकायत की है। अमन का आरोप है कि सरपंच पति विकास कार्यों में लगातार रुकावट डालते हैं, ठेकेदारों को परेशान करते हैं, उनकी पेमेंट रोकते हैं और तरह-तरह की अनुचित मांगें करते हैं। इधर, एसडीओ पंचायती राज ने जेई अमन की शिकायत का संज्ञान लेते हुए मनाना के सरपंच को नोटिस भेजा कर जवाब तलब किया है।

### पुलिस ने जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में वीरवार को बसेड़ा, राक्सेडा, सिंबलगढ़, बुढनपुर व हथवाला गांव में डोर टू डोर जाकर नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया है। टीम द्वारा घर घर जाकर लोगों को नशा छोड़ने और समाज को सुरक्षित बनाने का संदेश दिया गया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सयुंक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

अमित पुत्र श्री रमेश कुमार निवासी मकान नम्बर 186/1 इंसार बाजार पानीपत
बनाम
जनरल पब्लिक

हर आम व खास को सुचित किया जाता है अमित पुत्र श्री रमेश कुमार निवासी मकान नम्बर 186/1 इंसार बाजार पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू एक दस्तावेज पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता रमेश कुमार पुत्र श्री तपेश्वर निवासी मकान नम्बर 186/1 इंसार बाजार पानीपत की दिनांक 24/10/2004 को व माता श्रीमति सुनीता देवी की दिनांक 20/11/2018 / 2018 को मृत्यु हो चुकी है- यह कि रमेश कुमार की माता श्रीमति कृष्णा देवी की काफी अरसा पहले मृत्यू हो चुकी है- यह कि रमेश कुमार की मृत्यू उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं हलका पटवारी एवं नगर पार्षद नवल जिन्दल वार्ड-9 द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है।

1- अमित पुत्र 2- राजेश कुमार पुत्र 3- संदीप कुमार पुत्र व 4-श्रीमति एकता तिवारी पुत्री ही मृतक के वारिस हैं। मृतका का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है।

इनके इलावा मृतक रमेश कुमार का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 04/12/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है!

हस्ता/- तहसीलदार-कम- सयुंक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत

जन्मदिन | देशबन्धु गुप्ता राजकीय कॉलेज में विभिन्न किस्मों के गुलाब के पौधे रोपे

रोड गार्डन के साथ ही परिसर के फलोद्यान में पांच आम के पौधे रोपे गए

# ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने जन्मदिन पर रोज गार्डन का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के कॉलेज परिसर में ग्रीनमैन के नाम से प्रसिद्ध असिस्टेंट प्रोफेसर दलजीत कुमार ने अपने जन्मदिन पर रोड गार्डन के निर्माण का शुभारंभ किया। यह रोज गार्डन करीब डेढ एकड भूमि में बनाया जाएगा। वहीं, उद्घाटन के मौके पर 100 से अधिक विभिन्न किस्मों के गुलाब रोपे गए। वहीं, रोड गार्डन के साथ ही परिसर के फलोद्यान में पांच आम के पौधे रोपे गए। इधर, इको क्लब के छात्रों ने प्रो. दलजीत कुमार का जन्मदिन केक काटा और पौधारोपण अभियान में सहयोग दिया। वहीं, प्रो. दलजीत ने जनत से पर्यावरण को घना करने की अपील की। इस अवसर पर विजेंदर मलिक, सुधा कुमारी व पर्यावरण प्रेमी विद्यार्थी उपस्थित रहे।


पानीपत। राजकीय कॉलेज में रोज गार्डन बनाने को गुलाब के पौधे रोपते ग्रीनमैन दलजीत व उनकी टीम। फोटो : हरिभूमि

